(iii) जायसी का पूरा नाम लिखिए।

(iv) सूरदास की दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(v) दो रीतिमुक्त कवियों का नाम लिखिए।

(vi) बिहारी किस काल के कवि हैं ?

(vii) निराला का पूरा नाम लिखिए।

(viii) केदारनाथ अग्रवाल किस काल के कवि हैं ?

(ix) छायावाद के दो प्रमुख कवियों का नाम लिखिए।

(x) 'उसने कहा था' कहानी के रचयिता का नाम लिखिए।

(xi) प्रगतिवाद के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

(xii) 'रामचरित मानस' के रचयिता का नाम बताइए।

(xiii) 'हालावाद' के प्रवर्तक कवि का नाम लिखिए।

(xiv) विद्यापति किस काल के कवि है ?

(xv) हजारी प्रसाद द्विवेदी के दो निबंधों के नाम लिखिए।

(xvi) 'पीपल' निबंध के रचयिता कौन हैं ?

(xvii) 'महाराजा का इलाज' किसकी रचना है ?

(xviii) किन्हीं दो प्रमुख उपन्यासकारों के नाम लिखिए।

(xix) 'गोदान' उपन्यास के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xx) 'बादल को घिरते देखा है' किसकी रचना है ?





**Dip/Sem II/131**

# P.G. Diploma (Level-I) (Semester II) Examination, 2014-15

## Hindi

**Paper : PTHDPG-IV**

***Time : Three Hours*** ***Full Marks : 100***

*(Write your Roll No. at the top immediately on the receipt of this question paper)*

### खण्ड–क

**1.** निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 3×10=30

(क) हरी बिछली घास।
दोलती कलगी छरहरी बाजरे की।
अगर मैं तुमको
ललाती साँझ के नभ की अकेली तारिका
अब नहीं कहता,
या शरद के भोर की नीहार–न्हायी कुँई,
टटकी चम्पे की

(ख) जहाँ से चली मैं
जहाँ को गयी मैं-
शहर, गाँव, बस्ती
नदी, रेत, निर्जन
हरे खेत, पोखर,
झुलाती चली मैं।
हवा हूँ मैं
बसन्ती हवा हूँ!

(ग) यह गीत भूख और प्यास भगाता है,
जी यह मसान में भूख जगाता है,
यह गीत भुवाली की है हवा हुजूर,
यह गीत तपेदिक की है दवा हुजूर
जी, और गीत भी हैं, दिखलाता हूँ,
जी सुनना चाहें आप तो गाता हूँ।

(घ) वही, हाँ वही, जो
सभी प्राणियों को
पिला प्रेम-आसव
जिलाये हुए हूँ।
हवा हूँ, हवा मैं
वसन्ती हवा हूँ।

## खण्ड-ख

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए- 3×10=30

(i) भक्तिकाल के प्रमुख कवियों का सामान्य साहित्यिक परिचय दीजिए।



Dip/Sem II/131

(ii) कबीर सच्चे अर्थो में समाज सुधारक थे, सोदाहरण समझाइए।

(iii) हिन्दी नाटक की विकास-यात्रा पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए।

(iv) हिन्दी निबंध के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(v) समकालीन हिन्दी नाटक की दिशाओं पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड-ग

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए- 4×5=20

(i) हिन्दी एकांकी के विकास पर प्रकाश डालिए।

(ii) हिन्दी उपन्यास के विकास को रेखांकित कीजिए।

(iii) प्रयोगवाद की विशेषताओं का आकलन कीजिए।

(iv) छायावाद की विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

(v) सुमित्रानन्दन पंत के प्रकृति-चित्रण पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड-घ

**4.** निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर दीजिए- 2×10=20

(i) कबीर के गुरु कौन थे ?

(ii) पुष्टिमार्ग का जहाज किसे कहा गया है ?